**भारत में स्कूलों/कालेजों के बन्द रहने की अवधि**

**3400. श्री अजीत जोगी :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अन्य देशों की तुलना में भारत में स्कूल और कालेज अधिक समय तक बन्द रहते हैं; और

(ख) यदि हां तो इसका ब्यौरा क्या है और इस मामले में कौन से उपचारात्मक कदम उठाए जाने का विचार है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) :** (क) और (ख) प्रत्येक देश की जल-वायु तथा स्थानीय परिस्थिति के अनुसार स्कूलों और कालेजों के छुट्टी पर बंद होने की अवधि का निर्धारण किया जाता है । जिस अवधि के लिए भारतीय स्कूल और कालेज बंद रहते हैं तथा जिस अवधि के लिए दूसरे देशों के स्कूल और कालेज बंद रहते हैं इस संबंध में तुलनात्मक सूचना शिक्षा विभाग में संकलित नहीं की जाती है ।

**EDUCATION FOR ALL SUMMIT OF NINE HIGH POPULATION COUNTRIES**

3401. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA : Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state ;

(a) whether the summit meeting of Nine most populist developing countries which Was scheduled to be held in Delhi on the 16th December, 1993 was convened by 4 organisations of the UN Development Programme;

(b) if so, what was the main purpose and outcome of the summit; and

(c) how many countries have partici pated in the meeting ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPTT. OF EDUCATION AND DEPTT. OF CULTURE) (KUMARI SELJA) : (a) Summit meeting on Education for All of Nine High Population Countries wag held in New Delhi on 16th December, 1993. The meeting was co-sponsored by UNESCO, UNICEF and UNFPA.

(b) The meeting adopted the Delhi Declaration which *inter alia* recognises the vital role of education in the development of societies and pledges for ensuring a place for every child in a school or ap-propria'e education programme. It accords to human development the highest priority at national and other levels ensuring that a growing share of national and community resources is dedicated to basic education and improving the management of existing resources for education.

(c) Bangladesh, Brazil, China, Egypt. India, Indonesia, Mexico, Nigeria and Pakistan participated in the meeting.

**अवैध विश्वविद्यालयों और शैक्षिक संस्थाओं पर प्रतिबंध**

**3402. श्री शारदा मुहन्ती :**
**श्री सोमपाल :**

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 17-9-1993 के "राष्ट्रीय सहारा", दिल्ली के पृष्ठ 5 पर "यू. जी. सी. ने 32 विश्वविद्यालय व शैक्षिक संस्थाओं को अवैध घोषित किया" शीर्षक से छपे समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है; और

(ग) सरकार द्वारा उक्त विश्वविद्यालयों और शिक्षा-संस्थानों पर पूर्ण प्रतिबंध न लगाए जाने के क्या कारण हैं ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) :** (क) जी, हां । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भेजी गई सूचनानुसार 30 सितंबर,